545

# बिहार सरकार
## खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग

पत्रांक-प्र03-विविध-37/2010 - 2015 - खाद्य,पटना/दिनांक - 14.03.2011

प्रेषक,

कृष्ण चन्द्र झा,
सरकार के अपर सचिव ।

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी ।

विषय :- प्रखंड आपूर्ति कार्यालयों के लिए दो कमरे तथा सहायक एवं अनुसेवक की पूर्णकालिक व्यवस्था के संबंध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक विभागीय पत्रांक 2291 दिनांक 15.04.2010 का निदेश किया जाय । उक्त के माध्यम से लक्षित जन वितरण प्रणाली के अन्तर्गत सरकार की विभिन्न जन उपयोगी योजनाओं के सम्यक् कार्यान्वयन एवं प्रखंड स्तर पर आपूर्ति कार्यों के सुचारू संचालन के लिये प्रखंड / अंचल कार्यालयों में दो कमरों की व्यवस्था स्वतंत्र रूप से प्रखंड आपूर्ति कार्यालय हेतु किये जाने तथा इस कार्यालय के कार्य सम्पादन के लिये दो सहायक एवं दो अनुसेवक अविलम्ब उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया था । इस संदर्भ में अबतक कृत कार्रवाई से संबंधित प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध नहीं कराया गया है ।

उल्लेखनीय है कि मुख्य सचिव बिहार, पटना के बेतार संवाद सं0 3320 दिनांक 04.06.1986 द्वारा 15.06.1986 के प्रभाव से प्रखंड आपूर्ति कार्यालय को अंचल से अलग करते हुए इन कार्यालयों के लिए अंचल कार्यालय एवं प्रखंड विकास कार्यालय से एक-एक सहायक एवं अनुसेवक की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु सभी जिला पदाधिकारियों को निदेशित किया गया था । तदनुसार विभागीय पत्रांक 6122 दिनांक 10.06.1986 एवं 5390 दिनांक 20.10.1989 द्वारा भी इस संदर्भ में कार्रवाई हेतु सभी प्रमंडलीय आयुक्त एवं जिला पदाधिकारियों से अनुरोध किया गया था ।

अतएव अनुरोध है कि प्रखंड परिसर में अवस्थित प्रखंड विकास कार्यालय/अंचल कार्यालय में दो कमरों की व्यवस्था स्वतंत्र रूप से प्रखंड आपूर्ति कार्यालय के लिए किया जाय साथ ही इस कार्यालय के कार्य सम्पादन हेतु दो सहायक एवं दो अनुसेवक को अविलंब उपलब्ध कराया जाय तथा एतद संबंधी सूचना विभाग को अविलम्ब उपलब्ध कराने की कृपा की जाय । इसे अति आवश्यक समझा जाय ।

विश्वासभाजन

14/3/11

सरकार के अपर सचिव ।

D:\backup\Year_2010(p)\Section_3\SEC-3\L2\...Letter do.doc